# भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने पर आमादा अमेरिका

## आज हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में होगी वोटिंग




**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**वाशिंगटन, 16 सितंबर. अमेरिका भारत पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की तैयारी कर रहा है. अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक पर आज वोटिंग की जानी है.**

विधेयक में रूस से तेल खरीदने की वजह से भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रावधान है. विधेयक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रूस के बड़े तेल और गैस खरीदार देशों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने का अधिकार दे सकता है. देशों में भारत भी शामिल है, जिस पर इसका सीधा असर पड़ सकता है.यह विधेयक लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 है. अमेरिकी सीनेट ने पिछले महीने 86-11 के बहुमत से इस विधेयक को पारित कर दिया था. अब यह हाउस के सामने है. हाउस रूल्स कमेटी ने इसे विचार के लिए आगे बढ़ा दिया है. इसके बाद ही इसे राष्ट्रपति के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा जा सकेगा.

मंगलवार को प्रतिनिधि सभा में हुए प्रक्रियागत मतदान में यह प्रस्ताव 214-211 मतों से पारित हुआ. इस दौरान दो डेमोक्रेट सांसदों ने पार्टी लाइन से अलग जाकर रिपब्लिकन सांसदों के साथ मतदान किया, जिससे राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई. रूस प्रतिबंध विधेयक और अन्य कई विधानों को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव 214-211 मतों से पारित हुआ. इस परिणाम से सदन के डेमोक्रेटिक नेतृत्व को झटका लगा.

### न्यूजीलैंड ने एफटीए पर लगाई मोहर

इधर, न्यूजीलैंड की संसद ने बुधवार को भारत के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते यानी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लागू करने वाले बिल को मंजूरी दे दी है. इससे एफटीए लागू होने का रास्ता साफ हो गया है. अब औपचारिक प्रक्रिया के बाद जल्द ही यह समझौता लागू हो जाएगा. इसके साथ ही न्यूजीलैंड में भारतीय उत्पादों को ड्यूटी फ्री एक्सेस मिल जाएगा. वहीं न्यूजीलैंड के उत्पादों पर भी भारत में ना के बराबर टैक्स लिया जाएगा. खास बात यह है कि न्यूजीलैंड की संसद में इस बिल को सरकार के अलावा विपक्षी दलों का भी सहयोग मिला. इसके बाद संसद में यह बिल 93-29 के बहुमत से पास हुआ. विपक्ष की लेबर पार्टी ने भी भारत से जुड़े इस बिल का समर्थन किया.

### 10 देशों पर 100 % टैरिफ

डेमोक्रेटिक कांग्रेसमैन स्टेनी होयर द्वारा पेश संशोधन में 10 देशों को 100 प्रतिशत तक टैरिफ के लिए पात्र बताया गया है. इनमें चीन, भारत, तुर्किए, अजरबैजान, हंगरी, स्लोवाक रिपब्लिक, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, कजाकिस्तान और किर्गिज रिपब्लिक शामिल हैं .यह संशोधन अपने आप भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ नहीं लगाएगा, बल्कि अगर विधेयक कानून बन जाता है और राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप अधिकार का इस्तेमाल करते हैं, तो भारत ऐसे शुल्क के लिए पात्र हो सकता है.

### रूस से बड़ी मात्रा में कच्चे तेल का आयात

सीनेट द्वारा पारित संस्करण में देशों के नाम स्पष्ट रूप से नहीं थे. उसमें केवल रूसी तेल और गैस के पांच सबसे बड़े आयातकों का जिक्र था. विधेयक रूस के नेतृत्व, ऊर्जा क्षेत्र और प्रतिबंधों से बचने वाले जहाजों पर प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ राष्ट्रपति को रूसी ऊर्जा के बड़े खरीदारों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का अधिकार देता है. भारत और चीन वर्तमान में रूस से बड़ी मात्रा में कच्चे तेल का आयात कर रहे हैं, इसलिए दोनों देशों का नाम इस चर्चा के केंद्र में है.

# पाकिस्तान की खतरनाक ब्यूटी क्रीम पर भारत ने लगाई रोक

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**इस्लामाबाद, 16 सितंबर. सीडीएससीओ ने पाकिस्तान से आने वाले अनऑथराइज्ड कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स की बिक्री के संबंध में सार्वजनिक स्वास्थ्य अलर्ट जारी किया है.**

इससे सेहत को गंभीर खतरा हो सकता है.सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइज़ेशन ने हाल ही में पाकिस्तान से आने वाले अनऑथराइज्ड कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स की बिक्री के संबंध में सार्वजनिक स्वास्थ्य अलर्ट जारी किया है. सीडीएससीओ की ओर से जारी नोटिस में जिन दो प्रोडक्ट्स को फ्लैग किया गया है, वो व्हाइटनिंग क्रीम हैं - 'चांदनी व्हाइटनिंग क्रीम' और 'गोरी ब्यूटी क्रीम' - और कहा जाता है कि ये दोनों पाकिस्तान में बनी हैं.बहुत ज्यादा मेटल और टॉक्सिक इफेक्ट्स चांदनी व्हाइटनिंग क्रीम' और 'गोरी ब्यूटी क्रीम' इन दो प्रोडक्ट्स की बिक्री पर रोक लगाते हुए, ड्रग रेगुलेटर ने कहा कि इन क्रीमों में 'बहुत ज़्यादा हेवी मेटल्स' पाए गए हैं, जो तय सीमा से ज्यादा हैं. सीडीएससीओ ने यह भी कहा कि इन क्रीमों के इस्तेमाल से जहरीले असर हो सकते हैं और सेहत को गंभीर खतरा हो सकता है.सरकारी नोटिस में कहा गया है, 'बिना मंजूरी वाले कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल के खिलाफ पब्लिक हेल्थ अलर्ट - ग्राहकों के इस्तेमाल किए जाने वाले कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स आम लोगों के लिए सुरक्षित होने चाहिए. इनकी मैन्युफैक्चरिंग और इम्पोर्ट को 'ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940' और 'कॉस्मेटिक्स रूल्स, 2020' के तहत रेगुलेट किया

# बंगाल की तरह यूपी में भी 2 चरण में चुनाव

## अगले साल पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटा चुनाव आयोग

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**नई दिल्ली, 16 सितंबर. उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में अगले साल 2027 की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए चुनाव आयोग के टॉप अफसरों की एक टीम इन राज्यों में जाने की तैयारी कर रही है.**

इस टीम के बाद फिर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों चुनाव आयुक्त के इन पांचों राज्यों में दौरे शुरू होंगे. चुनाव आयोग इस बार उत्तरप्रदेश में भी बंगाल की तरह 2 चरणों में ही चुनाव संपन्न करवाने पर विचार कर रहा है. सूत्रों के अनुसार अधिकारियों की यह विजिट इस महीने के अंत या अक्टूबर के पहले सप्ताह से शुरू हो जाएगी. टीम में कौन-कौन अफसर जाएंगे. इनके नाम भी लगभग




फाइनल कर लिए गए हैं. चार अफसरों की यह टीम हर राज्य में जाकर वहां के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, सभी जिलों के डीएम और एसपी समेत अन्य विभागों के अधिकारियों से मीटिंग करेगी.

### मणिपुर में सुरक्षा पर फैसला

मणिपुर के मामले में वैसे तो वहां 60 विधानसभा सीट ही हैं. जिसके लिए एक चरण में ही चुनाव कराना पर्याप्त है. लेकिन यहां कानून-व्यवस्था के हालात बहुत अधिक अच्छे ना होने के चलते चुनाव दो चरणों में कराए जा सकते हैं.

### चुनाव कार्यक्रम पर फैसला जल्द

राज्यों की रिपोर्ट के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त और दोनों चुनाव आयुक्त के पांचों राज्यों में दौरे होंगे. जिसके बाद फिर पांचों राज्यों के लिए कब और कितने-कितने चरणों में चुनाव होने हैं. इसकी घोषणा कर दी जाएगी. सूत्रों का कहना है कि पांचों राज्यों में उत्तर प्रदेश और मणिपुर को छोड़ते हुए बाकी बचे तीन राज्य पंजाब, उत्तराखंड और गोवा में एक-एक चरण में ही चुनाव संपन्न कराए जाएंगे. जबकि उत्तर प्रदेश में बिहार और पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनावों के पैटर्न को देखते हुए दो चरणों में चुनाव संपन्न कराए जा सकते हैं. वह भी इसलिए क्योंकि इन पांचों राज्यों में उत्तर प्रदेश में ही सबसे अधिक 403 विधानसभा सीट हैं.

# चाचा विधायक, भतीजी को बिना काम वेतन

- कर्नाटक के सरकारी अस्पताल का मामला

**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**बेंगलुरु, 16 सितंबर. कर्नाटक के बागलकोट में नम्मा क्लिनिक में काम करने वाली एक मेडिकल ऑफिसर जांच के दायरे में आ गई हैं. उन पर आरोप है कि वे एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज से पोस्ट-ग्रेजुएट मेडिकल कोर्स करने के साथ-साथ 70,000 रुपये से ज्यादा की मासिक सैलरी भी ले रही थीं.**

बागलकोट से कांग्रेस विधायक उमेश मेटी की भतीजी डॉ. अंकिता यारगल पर ड्यूटी में लापरवाही और



बिना इजाजत दो जगहों पर काम करने का आरोप है, जिसकी जांच चल रही है.

बागलकोट जिला पंचायत के सीईओ गजानन बाले की ओर से की जा रही जांच में डॉ. यारागल शामिल नहीं हुईं. उनके न आने पर सीईओ ने उन्हें नोटिस जारी करके 18 सितंबर को सुबह 10 बजे जिला पंचायत कार्यालय के कमरा नंबर 11 में होने वाली अगली जांच में शामिल होने का निर्देश दिया. डॉ. यारागल 3 मार्च से सितंबर तक वाम्बे कॉलोनी स्थित नम्मा क्लिनिक से अनुपस्थित रहीं, जिससे क्लिनिक बिना मेडिकल ऑफिसर के रह गया और लोगों को असुविधा हुई. वह एक प्राइवेट कॉलेज में मेडिकल पोस्ट-ग्रेजुएट की पढ़ाई भी कर रही थीं और साथ ही सरकार से जुड़ी नम्मा क्लिनिक में मेडिकल ऑफिसर के तौर पर सैलरी भी ले रही थीं. नोटिस में कहा है कि इस मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है, क्योंकि यह रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर्स के लिए बने नियमों के कथित उल्लंघन का मामला है.

# विनीत मर्डर की रात छह कॉल ने खोली नौकर की प्लानिंग

- विशाल ने हत्या से पहले नया सिम खरीदा
- पुलिस शालू -विशाल का रिमांड लेकर जांच कर रही

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**कानपुर, 16 सितम्बर. कारोबारी विनीत मिनोचा हत्याकांड में खुलासा हुआ कि नौकर विशाल ने विनीत मिनोचा की हत्या के लिए खुद के बचाव के लिए भी अपनी अलग योजना बनाई थी.**

उसने तीन सितंबर को एक नया सिमकार्ड खरीदा और उसी दिन पुराना नंबर बंद कर मोबाइल फोन पर नया सिम लगाया, जिससे उसने उस नंबर से शालू को सात और सुब्रत को छह बार कॉल की थी. उसने नया सिम शुभम के नाम से लिया था. आरोपी की मोबाइल की गूगल हिस्ट्री जांचने पर सामने आया कि उसने हत्या से एक दिन पहले धारदार चाकू कहां मिलता, कितनी धार और किस-किस तरह के चाकू होते हैं, ये सब जानकारी के लिए गूगल पर ढूंढा था.



## हस्तियों के ट्वीट



भारतीय उद्योगपति नवीन जिंदल ने महात्मा ज्योतिबा फुले को याद करते हुए एक्स पर पोस्ट साझा की. उन्होंने बताया कि बहलोलपुर, लाडवा में 'महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर' अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप संचालित हो रहा है. 'नवीन अवसर' पहल के तहत कुरुक्षेत्र के युवाओं को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण देकर अंतरराष्ट्रीय रोजगार बाजार के लिए तैयार करने का लक्ष्य है. जिंदल ने युवाओं से केंद्र से जुड़कर अपने कौशल को निखारने और वैश्विक अवसरों का लाभ उठाने की अपील की.



इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा कर बताया कि उन्होंने रोम स्थित पलाज़ो चिगी में यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा से मुलाकात की. दोनों नेताओं के बीच यूरोपीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंडे के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई. मेलोनी के मुताबिक, बातचीत की शुरुआत यूरोपीय संघ के नए बहुवार्षिक वित्तीय ढांचे (2028-2034) पर हुई. उन्होंने कहा कि इटली यूरोपीय संघ की रणनीतिक प्राथमिकताओं के अनुरूप बजट तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है.

# अदाणी के कर्मचारियों को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

- खनन के लिए पहाड़ियों के ड्रोन सर्वे का विरोध
- पुलिस ने हस्तक्षेप कर बंधकों को छुड़ाया

**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**अनुगुल (ओडिशा)। पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में प्रस्तावित बॉक्साइट खनन को लेकर बलदा की पहाड़ियों में मंगलवार को तनाव फैल गया.**

नंदपुर ब्लॉक के बलदा पहाड़ी क्षेत्र में कथित ड्रोन सर्वे का ग्रामीणों ने जबरदस्त विरोध किया. सैकड़ों ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर सर्वे टीम को घेर लिया और अदाणी समूह के प्रतिनिधि दिलीप परिच्छा व प्रमोद हियाल समेत कर्मचारियों को रोककर



बंधक बना लिया. सूचना पर पाडुआ पुलिस पहुंची और सभी को मुक्त कराया. ग्रामीणों द्वारा रोके गए ड्रोन और वाहनों को पुलिस ने जब्त कर लिया. इसके बाद सर्वे कार्य रोक दिया गया. बलदा पहाड़ी संरक्षण समिति ने पाडुआ थाने में शिकायत देकर सर्वे को कथित रूप से अवैध बताया है. थाना प्रभारी टूना पिडिका ने शिकायत प्राप्त की है.

### अदाणी को पीछे छोड़ झांग एशिया सबसे अमीर



**नई दिल्ली.** वैश्विक कारोबार और टेक्नोलॉजी की दुनिया से एक बड़ा उलटफेर सामने आया है. टिकटॉक की पैरेंट कंपनी बाइटडांस के 43 वर्षीय संस्थापक झांग यिमिंग भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी को पछाड़कर एशिया के सबसे अमीर इंसान बन गए हैं. ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के नए आंकड़ों के मुताबिक एआई की वैश्विक लहर और टेक वैल्यूएशन में आए उछाल के दम पर झांग यिमिंग की कुल संपत्ति 105 अरब डॉलर (10,500 करोड़ डॉलर) के पार पहुंच गई है.

# सात समंदर पार विजय का जलवा

## लंदन में उमड़ी भीड़ तो रद्द हुआ कार्यक्रम

**लंदन, 16 सितंबर( एजेंसी ). तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय का जितना क्रेज दक्षिण भारत में है, उतना ही सात समंदर पार भी है. इसका अंदाजा लंदन में आसमान छूती मशहूर 'शार्ड बिल्डिंग' के बाहर उमड़ी भीड़ से आप लगा सकते हैं.**

'शार्ड बिल्डिंग' के साए में उमड़ा प्रशंसकों का हुजूम इस बात की मिसाल है कि विजय के प्रति उनके चाहने वालों की दीवानगी किस कदर है. हर कोई विजय की एक झलक पाने को बेताब था.घंटों से पलकें बिछाए खड़े सैकड़ों प्रशंसकों के चेहरों पर सिर्फ एक ही उम्मीद थी कि किसी तरह विजय का दीदार हो जाए. विजय के कार्यक्रम को सुरक्षा कारणों की वजह से रद्द कर दिया गया. मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने भीड़ की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी. कार्यक्रम वाली जगह पर सैकड़ों प्रशंसक इकट्ठा हो गए थे.



विजय की टीम ने लाउड स्पीकर पर घोषणा की कि सुरक्षा की वजह से पुलिस ने अनुमति नहीं दी, इसलिए कार्यक्रम रद्द किया जा रहा है. टीम के एक सदस्य ने कहा, 'जन सुरक्षा की चिंताओं के कारण हम कार्यक्रम रद्द कर रहे हैं.

क्योंकि हमें अनुमति नहीं मिली. एक युवा प्रशंसक ने कहा, 'मुझे लगता है यह ठीक है, लेकिन ये सब लोग इंतजार कर रहे हैं. तमिलनाडु में हम ऐसी भीड़ नहीं देखते.' वह प्रशंसक विजय के होटल के बाहर घंटों से खड़ा था.विजय तमिलनाडु के लिए निवेश लाने वाले राज्य


### नाम सुधार सूचना

मैं सेना संख्या 14919514 Y रैंक हवलदार बृजभान वर्मा ग्राम पोस्ट बडोखर जिला सीधी म.प्र. का निवासी हू एवं शपथपूर्वक कथन करता हूँ की मेरे आर्मी के दस्तावेजों में मेरी पत्नी का नाम ममता अंकित है जिसे बदलकर ममता देवी करवाना चाहता हु जो की मेरी पत्नी के आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में भी मेरी पत्नी का नाम ममता देवी दर्ज है. अत: मेरे उक्त सर्विस रिकॉड में मेरी पत्नी का नाम ममता देवी दर्ज किया जाए एवं पढ़ा लिखा व जाना जाये यदि भविष्य में कोई विसंगत्ति पायी जाती है तो उसकी समस्त जबाबदारी मेरी स्वयं की होगी.



## एक नजर में

### न्यूयॉर्क में टैक्सी के अंदर मिला भारतीय ड्राइवर का शव



**न्यूयॉर्क.** जगजीत सिंह की मौत की खबर सामने आने के बाद न्यूयॉर्क के वेस्ट विलेज में उनके परिवार और दोस्तों का जमावड़ा लग गया. जिस जगह उनकी टैक्सी मिली थी, वहीं पर लोगों ने एकत्र होकर उन्हें याद किया और श्रद्धांजलि दी. 53 वर्षीय जगजीत भारतीय मूल के सिख थे और न्यूयॉर्क में टैक्सी चलाकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे.

### सऊदी ने मक्का के पास हूती ड्रोन मार गिराया



**नई दिल्ली.** सऊदी अरब के एयर डिफेंस सिस्टम ने मंगलवार को मक्का के दक्षिण में एक हूती ड्रोन को इंटरसेप्ट कर नष्ट कर दिया. सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने बताया कि ड्रोन को मक्का के प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में दाखिल होने से पहले ही मार गिराया गया. सैन्य गठबंधन के प्रवक्ता तुर्की अल-मलिकी ने कहा कि इस्लाम के पवित्र स्थलों और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सऊदी अरब के लिए रेड लाइन है. गठबंधन हूतियों के खिलाफ जरूरी कदम उठाएगा.

### मीडिया हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, 3 की मौत



**वाशिंगटन.** अमेरिका के लॉस एंजिल्स के बाहरी इलाके में एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया. इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है. यह हेलीकॉप्टर चैट्सवर्थ इलाके में दो कमर्शियल बिल्डिंग्स के बीच गिरा. यह तुरंत साफ नहीं हो पाया कि हेलीकॉप्टर कौन उड़ा रहा था. यह एक न्यूज हेलीकॉप्टर था जो एक जानलेवा बस दुर्घटना वाली जगह के पास उड़ रहा था. इस घटना का वीडियो भी सामने आया है.

# खुदाई में मिला 1800 साल पुराना खजाना

- 90 एकड़ क्षेत्र में फैला है द्रोण का किला
- गोविषाण का है ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व

**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**काशीपुर, 16 सितम्बर. ऊधम सिंह नगर जिले के काशीपुर स्थित ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व वाले गोविषाण टीले पर की जा रही खोदाई में ईंटों की बनी गोलाकार संरचना मिली है.**

जिससे क्षेत्र के पुरातात्विक इतिहास में रुचि पैदा हुई है. कुएं जैसी प्रतीत होती संरचना के गुप्त या कुषाण काल के होने की संभावना है. खोदाई में आगे क्या निकलता है इसको लेकर हर कोई जिज्ञासु बना है और पुरातत्वविद भी उत्साहित हैं.



गोविषाण टीले के नीचे दबे पुरातात्विक अवशेषों का पता लगाने, प्राचीन स्मारकों के सांस्कृतिक अनुक्रम व संरचनात्मक विरासत को समझने के उद्देश्य से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के महानिदेशक वाईएस रावत ने खोदाई के निर्देश दिए थे. एएसआइ के देहरादून मंडल ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत की मौजूदगी में 16 जुलाई को खोदाई शुरू की. शुरुआती उत्खनन में मिली ईंटों से निर्मित कुएं जैसी संरचना 10-11 फीट गहरी है. व्यास पांच-सात फीट के लगभग है. संरचना का आधा हिस्सा मिट्टी में दबे होने से अभी असल माप पता नहीं चली है. एएसआइ देहरादून के अधीक्षण पुरातत्वविद डा. एमसी जोशी का कहना है कि कुएं की संरचना का प्रारंभिक अवलोकन गुप्त काल के होने का संकेत देता है. यद्यपि आगे की खोदाई व विस्तृत अध्ययन के बाद ही यह स्पष्ट होगा. गोविषाण टीले से प्राप्त सामग्री में अभी कोई विशिष्ट कलाकृति या शिलापट नहीं मिला है जो संरचनाओं को स्पष्ट रूप से किसी विशेष युग से जोड़े. निर्माण शैली, निर्माण में प्रयोग सामग्री, उत्खनित मिट्टी की परतों व भविष्य में खोजी जाने वाली कलाकृतियों सर्वेक्षण को दिशा देगी.

## चितरंगी क्षेत्र में बकरी एवं भैंस चोर गिरोह सक्रिय

**चितरंगी 16 सितम्बर।** चितरंगी क्षेत्र में पशुओं की चोरी की घटनाओं ने ग्रामीण पशुपालकों की चिंता बढ़ा दी है। ताजा मामले में कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अशोक सिंह पैगाम की बकरियां एवं भैंस चोरी होने की जानकारी सामने आई है। घटना के बाद ग्रामीणों में अपने पशुधन की सुरक्षा को लेकर चिंता है और पुलिस की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।चितरंगी के ग्रामीण अंचलों में बकरी पालन अनेक परिवारों की आय का प्रमुख जरिया है। विशेषकर आदिवासी परिवारों के लिए बकरियां घरेलू अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। जरूरत के समय इन्हें बेचकर बच्चों की शिक्षा, इलाज और अन्य जरूरी खर्च पूरे किए जाते हैं। ऐसे में पशु चोरी केवल सामान्य चोरी नहीं, बल्कि परिवार की आजीविका को प्रभावित करने वाला मामला बन जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बकरियों के अलावा भैंस चोरी की घटनाओं को लेकर भी आशंका बनी रहती है। उनका आरोप है कि चोरी की घटनाओं पर प्रभावी रोक नहीं लगने से पशुपालकों में असुरक्षा बढ़ रही है। वहीं क्षेत्र में कथित नशे के कारोबार को लेकर भी ग्रामीणों के बीच चर्चाएं हैं। उनका कहना है कि संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाए तो चोरी जैसी घटनाओं पर भी अंकुश लगाया जा सकता है। अब पशुपालकों की नजर पुलिस की कार्रवाई पर है। ग्रामीणों की मांग है कि चोरी की घटना की जांच के साथ पशु चोरी के संभावित गिरोह और खरीदारों तक पहुंचने का प्रयास किया जाए तथा गांवों में गश्त बढ़ाई जाए।


### सूचना

मैं कि रेशमी साकेत पति राज कुमार साकेत उम्र 30 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 41 रामलीला मैदान के पास बैढ़न तह. व जिला सिंगरौली म.प्र. आधार नं. 8507 2959 4973 की निवासी हूँ। मै शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरे पति राज कुमार साकेत की मृत्यु दिनांक 02.11.2024 को हो चुकी है एवं रेनू कुमारी साकेत के पति हीरालाल साकेत का दिनांक 27.02.2024 को मृत्यु हो चुकी है जिनका वारिस रेनू कुमारी साकेत के अलावा अन्य कोई वारिस नही है। मै शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरे तीन संतान है जिनका नाम क्रमश-आर्यन कुमार साकेत पुत्र, अवनी साकेत पुत्री तथा कार्तिक साकेत पुत्र है। मै शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरे मृतक पति राज कुमार साकेत के नाम से मुहेर मे भूमि खसरा क्र. 1803 है जिसका अधिग्रहण एनसीएल कम्पनी द्वारा किया जा चुका है जिसमे बने मकान मुआवजा प्रकरण क्र. एच-216 मकान क्र. ए-07 है। मै शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरे मृतक पति राज कुमार साकेत के मेरे व मेरे तीनो बच्चो के अलावा अन्य कोई वारिस नही है। मै शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरे दो पुत्र एवं एक पुत्री के नाम से जो मुआवजा राशि स्वीकृत हुई है उसे मुझे यानी रेशमी साकेत के नाम भुगतान किया जाय। एवं हीरालाल साकेत के मुआवजा राशि का भुगतान रेनू कुमारी साकेत को किया जाय एवं समाचार पत्र मे प्रकाशन हेतु शपथ पत्र निष्पादित करा रही हूँ।

CMN-11991

### नाम सुधार सूचना

मैं सेना संख्या 14919514 Y रैंक हवलदार बृजमान वर्मा ग्राम पोस्ट बडोखर जिला सीधी म.प्र. का निवासी हू एवं शपथपूर्वक कथन करता हूँ की मेरे आर्मी के दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम पूनम (POONAM) अंकित है जिसे बदलकर पूनम वर्मा (PUNAM VERMA ) करवाना चाहता हु जो की मेरी पुत्री के आधार कार्ड शैक्षणिक दस्तावेजों एवं अन्य दस्तावेजों में भी मेरी पुत्री का नाम पूनम वर्मा (PUNAM VERMA ) दर्ज है अत: मेरे उक्त सर्विस रिकॉड में मेरी पुत्री का नाम पूनम वर्मा (PUNAM VERMA) दर्ज किया जाए एवं पढ़ा लिखा व जाना जाये यदि भविष्य में कोई विसंगति पायी जाती है तो उसकी समस्त जबाबदारी मेरी स्वयं की होगी।



### नाम सुधार सूचना

मैं सेना संख्या 14919514 Y रैंक हवलदार बृजमान वर्मा ग्राम पोस्ट बडोखर जिला सीधी म.प्र. का निवासी हू एवं शपथपूर्वक कथन करता हूँ की मेरे आर्मी के दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम पूनम (POONAM) अंकित है जिसे बदलकर पूनम वर्मा (PUNAM VERMA ) करवाना चाहता हु जो की मेरी पुत्री के आधार कार्ड शैक्षणिक दस्तावेजों एवं अन्य दस्तावेजों में भी मेरी पुत्री का नाम पूनम वर्मा (PUNAM VERMA ) दर्ज है अत: मेरे उक्त सर्विस रिकॉड में मेरी पुत्री का नाम पूनम वर्मा (PUNAM VERMA) दर्ज किया जाए एवं पढ़ा लिखा व जाना जाये यदि भविष्य में कोई विसंगति पायी जाती है तो उसकी समस्त जबाबदारी मेरी स्वयं की होगी।


# बिहार में नीतीश मॉडल बनाम सम्राट मॉडल के बीच अंतर्कलह

**प्रवेश कुमार मिश्र**
**नई दिल्ली,16 सितंबर. बिहार में भाजपा व जदयू के बीच भले ही ऊपरी एकजुटता दिखाई दे रही है लेकिन अंदरखाने विभिन्न मुद्दों पर चल रहा शीतयुद्ध अब सतह पर आने लगा है.**

चाहे समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी लागू करने की बात हो या विकास के नीतीश मॉडल बनाम सम्राट मॉडल के जरिए सुशासन के श्रेय के लिए खींचतान, वैचारिक मतभेद उभरने लगे हैं. जानकार बता रहे हैं कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राजग शासित राज्यों में यूसीसी लागू करने के बयान के फौरन बाद जदयू द्वारा बिहार में



इसे सिरे से खारिज किया जाना, दो सहयोगियों के बीच गहरी वैचारिक खाई को उजागर करता है. संभवत: इस वैचारिक मतभिन्नता के कारण ही यूसीसी मुद्दे पर जदयू नेता स्पष्ट कर रहे हैं कि संवेदनशील सामाजिक मुद्दों पर बिना सभी समुदायों की आम सहमति के आगे बढ़ना राज्य के सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचा सकता है. पार्टी का यह सख्त रुख दिखाता है कि वह अपने धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी वोट बैंक को किसी भी कीमत पर बिखरने नहीं देना चाहती, भले ही इसके लिए उसे गठबंधन में टकराव ही क्यों न मोल लेना पड़े. इतना ही नहीं राजनीतिक शीतयुद्ध को धार देने में जदयू का वह क्षेत्रीय रुख भी शामिल है, जो सीधे तौर पर केंद्र सरकार की विदेश और जल नीतियों को चुनौती दे रहा है.

वहीं भाजपा कानून-व्यवस्था और कड़े प्रशासनिक फैसलों के लिए अब मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नाम को आगे बढ़ा रही है. इसी वजह से बिहार की राजनीति इन दिनों नीतीश मॉडल बनाम सम्राट मॉडल के बीच अंतर्द्वंद्व में फंस गई है. इसके अलावा इस बार बिहार में होने वाले विधानपरिषद चुनावों की सीटों पर दावेदारी से लेकर महत्वपूर्ण विधायी पदों पर कब्जे को लेकर दोनों दल में एक-दूसरे को पछाड़ने की होड़ लगी है. बहरहाल, बिहार में गठबंधन सरकार के दोनों स्तंभ बेहद जटिल मोड़ पर खड़े हैं. दोनों दलों के बीच यह आपसी खींचतान, सरकारी अहम पदों पर कब्जे की होड़ और नीतियों को लेकर सार्वजनिक असहमति भले ही अंकगणितीय आधार पर वर्तमान सरकार को अस्थिर करने का माद्दा न रखती हो.

## आज का इतिहास

- **1630-** अमेरिका के बॉस्टन शहर की स्थापना।
- **1761-** कोसाब्रोमा का युद्ध लड़ा गया.
- **1867-** प्रसिद्ध भारतीय व्यंग्य चित्रकार गगनेन्द्रनाथ टैगोर का जन्म.
- **1915-** प्रसिद्ध भारतीय चित्रकार मक़बूल फ़िदा हुसैन का जन्म.
- **1948-** हैदराबाद रियासत का भारत में विलय.
- **1949-** दक्षिण भारतीय राजनीतिक दल द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (द्रमुक) की स्थापना.
- **1950-** भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी का जन्म.


## कार्यालय नगर परिषद् उचेहरा, जिला-सतना (म.प्र.)

क्र/1433/न.प./ई-टेण्डरिगं/2026/ उचेहरा, दिनांक 15.09.2026

E-mail ID-cmouchehara/@mpurban.gov.in

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् उचेहरा अन्तर्गत तालिका में वर्णित हेतु आनलाइन निविदाएं संलग्न प्रपत्र में आमंत्रित की जाती है.

| क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपए) | अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD) राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य (रुपए) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _536100_1 | वार्ड क्र. 11 नागौद मैहर बाई पास रोड़ के पास गीता भवन निर्माण कार्य | 23741555.00 (दो करोड़ सैतिस लाख इक्तालिस हजार पांच सौ पचपन मात्र) | 118710.00 | 15000.00 | 12 माह (वर्षा काल छोड़कर) |

निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी वेबसाइट http://mpeproc.gov. in से एवं कार्यालय नगर परिषद् उचेहरा से प्राप्त की जा सकती है. निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद उचेहरा
जिला सतना (म.प्र.)